उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांक–परीक्षा (गोपन)/557 / 2024–25 दिनांक 24 मार्च, 2025

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–55/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 16–02–2024 एवं विज्ञापन संख्या–63/उ0अ0से0आ0/2024 दिनांक 25–09–2024 में अनुदेशक संवर्ग व विभिन्न विभागों के तकनीकी संवर्ग के पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 20–11–2024 से 14–12–2024 तक अलग–अलग पालियों में आयोजित की गई। उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर ट्रेडवार प्रथम औपबंधिक उत्तर कुंजीयाँ जारी करते हुए अभ्यर्थियों से उत्तर कुंजीयों के सापेक्ष प्रश्नों/उत्तरों के सम्बन्ध में ऑनलाईन आपत्तियां प्राप्त की गई।

उपरोक्तानुसार ट्रेडवार अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों का विषय–विशेषज्ञों के द्वारा निराकरण करने के उपरान्त ट्रेडवार संशोधित उत्तर कुंजीयाँ **(Revised Answer Key)** एवं लिखित परीक्षा के आधार पर **अनुदेशक संवर्ग व विभिन्न विभागों के तकनीकी संवर्ग** के विज्ञापित पदों के सापेक्ष मा0 आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुक्रम में रिक्त पदों के सापेक्ष निर्धारित अनुपात में अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर विज्ञप्ति संख्या परीक्षा(गोपन)/357/2024–25 के माध्यम से दिनांक 19 मार्च, 2025 को प्रकाशित की गयी थी।

अवगत कराना है कि अनुदेशक संवर्ग में आवेदन हेतु **National Craft Instructor Certificate (NCIC)** प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त किये जाने तथा उक्त परीक्षा हेतु आवेदन किये जाने के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में दायर रिट संख्या **2156/2024** मनोज सिंह बिष्ट बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश दिनांक 19.11.2024 के अनुपालन में उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची को प्रश्नगत रिट याचिका में मा0 उच्च न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक स्थगित **Withhold & Withdraw** किया जाता है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।